## मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**करौली,** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने लोकसभा आम चुनाव को देखते हुए 19 अप्रेल मतदान दिवस को होने वाले मतदान के तहत विधानसभा क्षेत्र करौली व सपोटरा में स्थापित किये गये विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्र स्वतंत्रता सैनानी चिरंजीलाल शर्मा राउमावि करौली, राउप्रावि मेला गेट, राउमावि सायपुर, राउमावि रघुवंशी, राउमावि परीता, राउमावि मोहनपुर, राउमावि कुंडगांव, राउप्रावि मंडावरा, राउमावि चैनपुर वर्रिया, राप्रावि हनुमान मन्दिर चैनपुर, राउमावि खिरखिरा, राउप्रावि रीछोटी, राउमावि मामचारी, राजौर, अतेवा स्कूलों में स्थापित विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं जैसे विद्युत, पेयजल, रैम्प, फर्नीचर आदि के बारे में विस्तार से जानकारी लेकर मतदान से पूर्व मतदान केन्द्रों की सभी व्यवस्थाएं समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इस कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी।

इस दौरान उपखंड अधिकारी सपोटरा सुभाष चंद गोयल,पुलिस उपाधीक्षक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कैलादेवी मेले को लेकर मंदिर ट्रस्ट की तैयारी पूरी, प्रशासनिक तैयारियां अभी अधूरी

- मेले के दौरान प्रतिदिन प्रातः4 बजे से रात 9 बजे तक लगातार मां के दर्शन होंगे दोपहर 15 मिनट के लिए राजभोग के समय मंदिर के पट बंद रहेंगे
- कैलादेवी में 6 अप्रेल से 22 अप्रेल तक लख्खी जात चैत्र मेले का आयोजन होगा
- मेले में 50 लाख श्रद्धालु आने की संभावना



मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मेले के संबंध में जानकारी दी।

**करौली,** (निसं)। उत्तर भारत के प्रमुख शक्ति पीठ तीर्थ स्थल कैलादेवी में चैत्र मास का लख्खी मेला 6 अप्रेल से शुरू होने जा रहा है जिसको लेकर कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं वहीं यात्रियों का आना शुरू होने के बावजूद ग्राम पंचायत, पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन की ओर से माकूल तैयारी नहीं की गई है।

कैलादेवी में 6 अप्रेल से 22 अप्रेल तक लख्खी जात चैत्र मेले का आयोजन होगा जिसमें करीब 50 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावनाएं जताई जा रही है। मेले से पूर्व ही आस्था धाम में लोगों की हजारों की संख्या में आबाजाही शुरू हो चुकी है और लोग हजारों की संख्या में करौली हिंडौन सड़क मार्ग पर पैदल चलते हुए आ रहे हैं। कैलादेवी में ग्राम पंचायत द्वारा अभी तक पूरी तरह से साफ सफाई नहीं की गई है। वहीं कस्बे का बाजार अवैध रूप से अतिक्रमण के कारण सकड़ा हो चुका है जगह-जगह अवस्थित रूप से सड़कों पर खड़े डग्गेमार वाहनों के कारण बार-बार जाम जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं और नरसी गेस्ट हाउस सड़क मार्ग पर रोड किनारे वाहनों के खड़ा रहने के कारण पदयात्रियों को निकालने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तो वहीं बड़ी धर्मशाला के आगे सड़क पर चूड़ी, खेल खिलौने आदि की दुकान व फल फ्रूट के ठेले खड़े रहने से श्रद्धालुओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कैलादेवी चैत्र मेले की व्यवस्थाओं को लेकर बुधवार को कस्बे में ट्रस्ट द्वारा संचालित अमर कुंज यात्री निवास में मेला अधिकारी और कंट्रोल रूम प्रभारी एडवोकेट संतोष कुमार सिंह, कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट के मुख्य परिचालन अधिकारी विवेक द्विवेदी, प्रबंधक प्रशासन चंद्रकांत कुडतकर, कार्यकारी अधिकारी किशन पाल सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि मंदिर के सोल ट्रस्टी कृष्णचंद्र पाल के मार्गदर्शन में मंदिर ट्रस्ट द्वारा दर्शनार्थियों को अच्छी से अच्छी सुविधा देने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट द्वारा दर्शन एवं पेयजल व्यवस्था हेतु सुविधा जनक रेलिंग व्यवस्था की गई है और समस्त मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र में और रेलिंग में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष एक नए नवाचार किया गया है मंदिर ट्रस्ट द्वारा नियंत्रित 70 भोग प्रसाद चढ़ावा काउंटर खोले गए हैं जिन पर गुणवत्ता पूर्ण प्रसाद सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान प्रतिदिन प्रातः4 बजे से रात 9 बजे तक लगातार मां के दर्शन होंगे दोपहर 15 मिनट के लिए राजभोग के समय मंदिर के पट बंद रहेंगे।

उन्होंने दुर्गा सागर कुआं पर अस्थाई जूता स्टैंड और यात्री प्रतीक्षालय बनाने की बात कहते हुए बताया कि हमने लिखित में जिला प्रशासन से मांग की गयी है लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से कोई जवाब नहीं मिला है जिस भूमि पर अब लगातार अतिक्रमण होता जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान आने वाले वृद्ध, विकलांग और असहाय लोगों के लिए 11 ई रिक्शा की व्यवस्था की गई है जो कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड से मंदिर तक लोगों को निशुल्क लाने और ले जाने का काम करेंगे।

इसके अलावा मंदिर ट्रस्ट द्वारा350 सुरक्षाकर्मी, अस्थाई गार्ड तथा संपूर्ण मेला क्षेत्र में 305 सीसीटीवी कैमरो की व्यवस्था की गई है। मेले के दौरान यात्रियों को पूछताछ हेतु मंदिर परिसर में एवं बड़ी धर्मशाला में नियंत्रण का स्थापित किए गए हैं। मंदिर पंडाल, रेलिंग एवं डोम में पर्याप्त कूलर, पंखों की व्यवस्था एवं पांडाल में गंगाजल केवड़ा मिश्रित चरणामृत के छिडकाव कि व्यवस्था भी की गई है।

## अवैध शराब बेचते दो जने गिरफ्तार

**धौलपुर,** (निसं)। पुलिस मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार महानिरीक्षक पुलिस, भरतपुर रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश भा.पु.से. द्वारा भरतपुर रेंज में चलाये गये अवैध शराब के खिलाफ रात्रिकालीन अभियान एवं जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा भा.पु.से. के निर्देशानुसार, एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मनोज शर्मा आरपीएस के पर्यवेक्षण में एवं वृताधिकारी, वृत्त शहर धौलपुर तपेन्द्र मीणा आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में मन थानाधिकारी रामनरेश उनि के नेतृत्व में थाना सदर धौलपुर पुलिस, द्वारा कार्यवाही करते हुये बाडी रोड पर स्थित रौनक ढावा एण्ड फैमिली रेस्टोरेन्ट से ढावा मालिक दिमानसिंह पुत्र लक्ष्मन सिंह जाति यादव उम्र 53 साल निवासी पुरानी छावनी थाना सदर धौलपुर को रौनक ढावे से शराब बेचते पाये जाने पर गिरफ्तार कर ढावा मालिक के कब्जे से अवैध देशी शराब के 78 पब्बे व अंग्रेजी शराब के 52 पब्बे, कुल 130 पब्बे व बिक्री रकम 2750/- रूपये जब्त किये। प्रकरण संख्या 115/2024 धारा 19/54 अबकारी अधिनियम मे दर्ज कर अनुसंधान जारी।

वहीं मुखबिर सूचना पर लल्लू ठाकुर के होटल के पास अजीतपुर से एक व्यक्ति सिकंदर पुत्र भीकाराम उम्र 35 साल जाति कठीक निवासी किरी थाना बाडी कोतवाली जिला धौलपुर को 64 पब्बा देशी शराब को बिना लाईसेन्स व परमीशन के बेचते हुए को गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायालय में पेश किया जायेगा। आगे भी अवैध शराब माफीयाओं के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

## बालश्रम के विरुद्ध अभियान जारी

**करौली,** (निसं)। श्रम विभाग, मानव तस्करी निरोधक यूनिट, बाल कल्याण समिति, प्रयत्न संस्था एवं चाइल्ड लाइन द्वारा संयुक्त रूप से जिले में बालश्रम के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बुधवार को संस्थान भावना ट्रेडर्स, पता पांडे का कुआँ हिण्डौन रोड मासलपुर चुंगी के पास, करौली पर एक नाबालिग बच्चा कोल्डड्रिंक व बिसलेरी पानी की बोतल लोडिंग टेम्पो से अनलोड करते हुए दस्तयाव किया। नाबालिग बच्चे को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया एवं नियोजक के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज करवाया गया। कार्यवाही में श्रम निरीक्षक माधव गोस्वामी बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिल शर्मा प्रयत्न संस्था के राकेश तिवारी एव चाइल्ड लाइन संस्था के देवेंद्र व्यास, श्रीदेवी शर्मा शामिल रहे।

## मतदाता जागरूकता के चित्र उकेरे बच्चों ने

- प्रतियोगिता में मूक बधिर बालक, बालिकाओं ने भाग लिया, विजेताओं को पुरस्कार दिये

**करौली,** (निसं)। एकट बोधग्राम के कार्यक्रम प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया कि जिला नोडल अधिकारी स्वीप एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदयभानु चारण के निर्देशन में जिला दिव्यांग समन्वयक जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी समाज कल्याण व एकट बोधग्राम के संयुक्त तत्वाधान में निःशब्द विद्यालय में दिव्यांग मतदाताओं के जागरुकता हेतु चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस दौरान विद्यालय के आवासीय मूक बधिर बालक, बालिकाओं ने भाग लिया। चित्रकला में प्रतिभागियों ने मतदान के महत्वों को दर्शाते हुए स्लोगन और चित्र बनाये प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पिंकी माली, द्वितीय हंसाबाई एवं तृतीय अभिषेक खैरवार ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान जिला परीवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी पवन गुप्ता, सोमेंद्र जोशी एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य स्नेहलता राजावत, अनुज प्रताप सिंह, प्रेमपाल गंगवार सहित अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

इसके अलावा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग करौली से अनुदानित काव्या विशेष शिक्षा महाविद्यालय करौली द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु विशेष कार्यक्रम जिसमें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं संस्थान के सयुक्त रूप से आयोजन किया गया जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता,नारा लेखन प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियां आयोजित करवाई गई। जिसमें लोकतन्त्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान करना, निशक्तजनो, बुजुर्ग, असहाय को सहयोग करके मतदान कराने को लेकर प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। इसके अलावा जिले के विभिन्न स्कूलों मे भी कार्यक्रम आयोजित कर मतदान के प्रति आमजन को जागरूक किया गया।

# 'नॉन प्रेक्टिस अलाउंस' लेने वाले चिकित्सक अब घर पर नहीं ले सकेंगे फीस

- सरकार के निर्देश पर आरबीएम अस्पताल की दीवारों पर नॉन प्रेक्टिस अलाउंस लेने वाले चिकित्सकों के नामों की सूची चस्पा की
- आरबीएम व जनाना अस्पताल में करीब दो सौ चिकित्सक में से 74 चिकित्सक सरकार से नॉन प्रेक्टिस अलाउंस ले रहै हैं

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर में सरकारी अस्पताल में काम करने वाले ऐसे चिकित्सक जो सरकार से नॉन प्रेक्टिस अलाउंस लेते हैं अब घर पर मरीज नहीं देख पाएंगे। सरकार अब ऐसे चिकित्सकों पर सख्ती करने के मूड में दिख रही है जो सरकार से नॉन प्रेक्टिस अलाउंस लेने के बावजूद घर पर फीस लेकर मरीज देखते हैं।

सरकार के निर्देश पर आरबीएम अस्पताल की दीवारों पर नॉन प्रेक्टिस अलाउंस लेने वाले चिकित्सकों के नामों की सूची चस्पा की गई है। आरबीएम व जनाना अस्पताल में करीब दो सौ चिकित्सक में से 74 चिकित्सक सरकार से नॉन प्रेक्टिस अलाउंस ले रहै हैं। जिनमें से अधिकतर डॉक्टर नॉन प्रेक्टिस अलाउंस लेने के बावजूद घर पर फीस लेकर मरीज देख रहे हैं। लेकिन अब सरकार की सख्ती के बाद ये घर या नर्सिंग होम पर मरीज नहीं देख सकेंगे। अगर फीस लेकर देखते हैं तो सरकार के द्वारा इन चिकित्सकों पर कार्यवाही की जाएगी।

निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं कि अस्पताल के प्रभारी अस्पताल की दीवारों पर नॉन प्रेक्टिस अलाउंस लेने वाले चिकित्सकों के नामों की सूची चस्पा करें। जिसके बाद आरबीएम अस्पताल में नॉन प्रेक्टिस अलाउंस लेने वाले चिकित्सकों की सूची चस्पा की गई है। सरकार के आदेश के बाद चिकित्सकों में भी हड़कंप की स्थिति है। कई चिकित्सकों ने नॉन प्रेक्टिस अलाउंस लेने से मना करने की अर्जी अधीक्षक डॉ. नगेन्द्र सिंह भदौरिया को लगाई है। अधीक्षक डॉ. नगेन्द्र भदौरिया ने बताया कि निदेशालय से मिले आदेशानुसार अस्पताल में एनपीए लेने वाले चिकित्सकों की सूची डिस्प्ले की गई है। इसके बाद भी यदि एनपीए लेने वाले चिकित्सक घर पर प्राइवेट प्रेक्टिस करते हुए मिलते हैं या शिकायत मिलती है तो कार्यवाही की जाएगी।

बताया कि डॉ. गिरीश कुमार गोयल, डॉ. संजय वर्मा, डॉ. प्रमुत्व गोयल, डॉ. गजेन्द्र सिंह, डॉ. राजीव भारद्वाज, डॉ. धीरज बंसल, डॉ. भूपेन्द्र कौशिक, डॉ. अजीत चौधरी, डॉ. अरूण मोहन दुबे, डॉ. सुभाष चन्द्र बंसल एवं डॉ. रोली मीणा को सरकार से एनपीए मिलता है। निदेशालय से जारी आदेशों के अनुसार यदि आपात स्थिति में कोई मरीज घर पर दिखाने के लिए पहुंचता है तो नैतिकता के आधार पर मरीज का उपचार जरूरी है तो ऐसे में एनपीए लेने वाले चिकित्सक को मरीज देखने के बाद उपचार की पर्ची पर निशुल्क की सील लगाएंगे। जिससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि मरीज से पैसे नहीं लिए गए है निशुल्क परामर्श दिया गया है।

## मनियां में पैथोलॉजी लैबों का निरीक्षण किया

**धौलपुर,** (निसं)। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय टीम ने मंगलवार को मनियां में पैथोलॉजी लैब का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान एसएन हॉस्पिटल, गणेश पैथोलॉजी, साई पैथोलॉजी, यादव क्लिनिक, कृष्ण पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंती लाल मीणा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सभी पैथोलॉजी लैब क्लिनिकल बिना पंजीकरण के संचालित होती पाई गई। साथ ही लैब में अनेक कमियां पाई गई। टीम का नेतृत्व कर रहे उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान लैब्स पर प्रदत्त सेवाओं संबंधी कोई साईनेज नहीं पाया गया। शुद्ध पेयजल, वेटिंग रूम तथा टोयलेट का अभाव पाया गया। बेसिक लैब के संचालन हेतु एमबीबीएस चिकित्सक की आवश्यकता होती है, परन्तु लैब्स पर किसी भी एमबीबीएस चिकित्सक की सेवाये न होना पाया गया।

लैब्स पर उपकरण, रियेजेन्ट, डिसपोजेबल सामग्री संबंधी लिस्ट का होना नहीं पाया गया।लैब्स पर मरीज का निदान संबंधी रिकॉर्ड नियमानुसार नही पाया गया। इसके अलावा लैब्स पर जैव अवशिष्ट निस्तारण हेतु सीटीएफ अनुबंध नहीं पाया गया, साथ ही लैब्स पर जैव अवशिष्ट संग्रहण एवं निस्तारण नियमानुसार नहीं पाया गया। लैब्स पर का प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से ऑथराइजेशन नहीं पाया गया। सभी लैब्स संचालकों को अनियमितताओं तथा कमियों का स्पष्टीकरण 3 दिवस में प्रस्तुत करते हुए अनियमितताओं, कमियों को तुरंत निस्तारण करने के निर्देश दिए है।

## समीक्षा बैठक आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** जिला प्रभारी मुख्य अभियन्ता गुणवत्ता एवं नियन्त्रण आरके मीणा की अध्यक्षता में जिले में पेयजल समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यो में प्रगति लाकर हर घर जल कनैक्शन के लक्ष्यों प्राप्त करने एवं गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति सुचारू बनाये रखने के निर्देश प्रदान किये।

जिला प्रभारी मुख्य अभियन्ता ने बैठक में अधीक्षण अभियन्ता एवं अधिषाशी अभियन्ताओं को प्रगतिरत जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुये हर घर जल कनैक्शनों की प्रगति बढाने एवं प्रगतिरत योजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर हर घर जल प्रमाण पत्र प्रदान करने एवं अन्य प्रगतिरत योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा कर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिषाशी अभियन्ताओं को निर्देश दिये गये जिन नलकूपों के डिमान्ड नोट जमा करा दिये गये है, उन नलकूपों के विद्युत वितरण निगम से समन्वय कर प्राथमिकता से विद्युत कनैक्शन जारी करावें जिससे लम्बित एफएचटीसी की प्रगति बढाई जा सके एवं गर्मी के मौसम में आमजन को पेयजल उपलब्ध हो सके।

उन्होंने विधानसभा प्रश्नों का जबाव, आश्वासन, विभागीय जांच का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# मतदान केंद्रों पर बिजली व पेयजल सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश



सामान्य पर्यवेक्षक ने पंचायत समिति सभागार में लोकसभा चुनाव के संबंध में डीग जिले के प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

**डीग,** (निस)। सामान्य पर्यवेक्षक ने बुधवार को पंचायत समिति सभागार में लोकसभा चुनाव के संबंध में डीग जिले के प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में संभागीय आयुक्त भरतपुर सांवरमल वर्मा, जिला कलेक्टर डीग श्रुति भारद्वाज एवं जिला पुलिस अधीक्षक डीग राजेश कुमार मौजूद थे। पर्यवेक्षक ने निर्देशित किया कि सभी नोडल अधिकारी को दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को समस्त मूलभूत सुविधाओं जैसे शौचालय, छाया व्यवस्था, रैंप, बैठने की सुविधाएं आदि सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने विशेष रूप से गर्मी के सीजन को देखते पेयजल व्यवस्थाओं के संबंध में उपखंड अधिकारी, डीग से जानकारी ली। साथ ही मतदान केंद्रों में पर्याप्त रोशनी, बिजली एवं चिकित्सा की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों से संवेदनशील मतदान केंद्रों के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में पर्यवेक्षक ने एफएसटी एवं एसएसटी के अधिकारियों से उनके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी ली एवं लगातार प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवांछिक तत्वों, वाहनों की जांच कर निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अक्षरशः पालना करने के निर्देश दिए। वोटर टर्नआउट बढ़ाने के संदर्भ में उन्होंने ऐसे पोलिंग बूथों की चिंहितकरण करने की बात कही जहा पर वोट प्रतिशत कम है। इस संबंध में उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को अधिकाधिक स्वीप एक्टिविटी कराने को भी कहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बीएलओ एवं सेक्टर अधिकारियों के माध्यम से धरातल पर कार्य करने एवं अधिकाधिक आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। संवेदनशील क्षेत्रों में उन्होंने सेक्टर अधिकारियों एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय कर प्रशासन को ग्राउंड रिपोर्ट देने को कहा जिससे समयबद्ध रूप से त्वरित कार्रवाई की जा सके। साथ ही पर्यवेक्षक ने संवेदनशील मतदान केंद्रों की अधिक संख्या को देखते हुए पुनः जॉच के निर्देश दिए हैं एवं संशोधित मतदान केंद्रों की सूची उपलब्ध करवाने की बात कही।

## होली मिलान समारोह आयोजित

**धौलपुर ( नि.स. )।** आज कस्बे मनिया में अग्रवाल महिला मण्डल मनिया द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन मांगरोल रोड स्थित अग्रवाल सेवा सदन में प्रेम सदभावना एवं एकता के संदेश के साथ एक दूसरे को गुलाल एवं पुष्पवर्षा कर हर्षोल्लास से मनाया गया जिसमे सर्वप्रथम सभी महिलाओं द्वारा महाराज अग्रसेन एवं लक्ष्मी मैया का विधिवत पूजन एवं आरती कर होली मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला अध्यक्ष ममता गोयल ने का महिला अध्यक्ष ममता गोयल ने महिलाओं को संबोदित करते हुए कहा कि आज महिलाएँ हर क्षेत्र मे आगे बढ़कर कार्य कर रही है महिलाओं को एकजुट होकर एक दूसरे की मदद के साथ एक दूसरे का सम्मान करना चाहिये और साथ ही कहा कि होली मिलन समारोह जैसे कार्यक्रमों के आयोजनों से महिलाओं को एक दूसरे से मिलने का मौका मिलता है

कार्यक्रम के दौरान महिला ज़िला कोषाध्यक्ष प्रियंका बंसल, ओमवती गोयल, शिल्पी बंसल, विमलेश बंसल, पारुल बंसल, अर्चना बंसल, रेणु बंसल, रिंकी गोयल, अंकिता बंसल, निशा गर्ग, विनीता बंसल, अंजू बंसल, अनीता बंसल, बबली मंगल, आदि समाज की सैकड़ों महिलाएँ एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### जल मंदिर का लोकार्पण सम्पन्न

**भरतपुर ( निस )।** लायंस क्लब, भरतपुर द्वारा आर.बी.एम. हॉस्पीटल कैम्पस में स्थित अपने जल मंदिर संख्या 4 का जीर्णोद्वार कराकर लोकार्पण किया। भीषण गर्मी से आमजन को राहत देने हेतु 24 घंटे स्वच्छ पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में क्लब ने ठोस कार्य किया है। क्लब प्रेसीडेंट लायन विनोद मंगल ने बताया कि लायंस क्लब भरतपुर द्वारा शहर में चार जल मंदिर चलाए जा रहे हैं जोकि पूरे शहर को कवर कर रहे हैं। क्लब का एक जल मंदिर हीरादास बस स्टैण्ड, दूसरा जनाना हॉस्पीटल भरतपुर, तीसरा व चैथा आरबीएम. हॉस्पीटल के नए व पुराने दोनों गेट पर स्थित है। इस वर्ष इन चारों जल मंदिरों की साफ सफाई व जीर्णोद्वार का कार्य किया जा रहा है जिनमें आर.बी.एम. हॉस्पीटल के वर्तमान मेन गेट पर स्थित जल मंदिर संख्या 4 के जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण होने पर पीएमओ डॉ. नगेन्द्र भदौरिया के कर कमलों से इसका लोकार्पण कराया गया। इस जल मंदिर पर शुद्ध व ठंडा पेयजल चैबीसों घंटे उपलब्ध रहेगा जिसका लाभ हॉस्पीटल के भर्ती मरीज, उनके परिजन एवं सभी आमजन ले सकेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष लायन विनोद मंगल ने पीएमओ डॉ. नगेन्द्र भदौरिया एवं नर्सिंग अधीक्षक रनवीर सिंह, महेन्द्र शर्मा, विष्णु शर्मा को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में क्लब सदस्य लायन लोकेश सिंघल का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में लायन जे.पी. अग्रवाल, शिवशंकर बंसल, खेमचंद अग्रवाल, रवि सिंघल, आर.पी. शर्मा, मनोज झालानी, संतोष खंडेवलाल, जितेन्द्र अग्रवाल, लोकेश सिंघल, हरीशंकर गोयल, आदि की भागीदारी रही। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन लायन सचिव संतोष खंडेलवाल ने किया।

### वृद्ध की सड़क दुर्घटना में मौत

**हिण्डौन सिटी ।** ससुराल से अपने गांव वापस लौटते बाइक सवार किसान की सड़क हादसे में मौत हो गई। अज्ञात वाहन चालक टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजने बुजुर्ग को हॉस्पिटल ने लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक वह दम तोड़ चुका था। घटना मंगलवार शाम करीब 7.30 बजे हिंडौन सिटी में सूरौठ मार्ग स्थित एकोरासी मोड़ के पास हुई।सूरौठ थाना प्रभारी सुमन सिंह ने बताया कि सूरौठ के सल्लान का पुरा निवासी रामसिंह मीना (66) पुत्र रामलाल मंगलवार को सांकड़ा स्थित अपने ससुराल रिश्तेदारों से मिलने गए हुए थे। जहां से शाम करीब 6.30 बजे गांव सल्लान का पुरा लौट रहे थे। इस दौरान शाम 7.30 बजे एकोरासी मोड़ के पास उसकी बाइक को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की जानकारी दिए जाने के बाद परिजन मौके पर पहुंच गए। वहां से 108 एम्बुलेंस चालक संतोष वैष्णव व ईएमटी घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे। वहीं हादसे की सूचना पर सूरौठ थाना पुलिस भी अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। बुधवार सुबह शव का पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पुत्र जितेंद्र मीना ने इस संबंध में रिपोर्ट दी है।

### 'निशुल्क रोजगार मेले' का आयोजन

**भरतपुर( निस )।** हरिदत्त ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स द्वारा टैक्नोलॉजी पार्क में ''निशुल्क रोजगार मेले'' का आयोजन किया गया जिसमें 109 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। रोजगार मेले के मुख्य अतिथि निदेशक डा. आलोक शर्मा रहे एवं अध्यक्षता डेन्सो इन्डिया कम्पनी के असिस्टेंट मैनेजर केशव कुमार ने की। रोजगार मेले में आये युवाओं को सम्बोधित करते हुए डा. आलोक शर्मा ने बताया कि यह बिना किसी प्रवेश शुल्क अथवा राशि के आयोजित किये जाने वाला रोजगार परख आयोजन है। जिसमें भरतपुर अंचल के आई.टी.आई. पास युवाओं एवं शिक्षितों को रोजगार प्रदान करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जाता है। रोजगार मेले के संयोजक राकेश चैधरी ने बताया कि निशुल्क रोजगार मेले में आये 265 युवाओं ने लिखित परीक्षा दी। जिसमें वैकल्पिक प्रश्न पत्र पूरा करने का एक घण्टे का समय दिया गया। लिखित परीक्षा 168 युवाओं ने पास की, जिनका 3 सदस्यी दल जिसमें विकास कुमार, सोवरन सिंह, गोविन्द ने तकनिकी प्रश्न का मौक टेस्ट व साक्षात्कार लिया जिसमें से 109 युवाओं को नियुक्ति पत्र मौके पर ही प्रदान किये। डेन्सो इन्डिया के केशव कुमार ने अध्यक्षीय भाषण में बताया कि टैक्नोलॉजी पार्क में आयोजित यह रोजगार मेला पूर्ण रूप से निशुल्क है।

### हाईकोर्ट के विजिलेंस रजिस्ट्रार पहुंचे हिंडौन

**हिंडौन सिटी ।** शहर के मुंसिफ कोर्ट में मजिस्ट्रेट पर रेप पीड़िता की ओर से लगाए आरोपों की जांच को लेकर जयपुर हाईकोर्ट के विजिलेंस रजिस्ट्रार ने मंगलवार को कुछ स्थानीय वकीलों, न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों से बयान लिए। एक मजिस्ट्रेट चैंबर के बंद रूम में करीब 3 घंटे तक बयान लिए गए। विजिलेंस रजिस्ट्रार आज दोपहर करीब 2 बजे हिंडौन न्यायालय परिसर पहुंचे। जिसके बाद उन्होंने बंद रूम में बारी-बारी से बयान लिए। जिसके बाद शाम करीब 5.30 बजे रवाना हुए। इस दौरान रेप पीड़िता द्वारा मजिस्ट्रेट पर लगाए गए आरोपों को लेकर वकील, न्यायिक कर्मचारियों से बयान दर्ज किए। बता दे रेप पीड़िता ने मुंसिफ कोर्ट के एक मजिस्ट्रेट पर चोट के निशान दिखाने के लिए कपड़े खोलने के लिए कहने का आरोप लगाकर कोतवाली थाने में 30 मार्च को मामला दर्ज कराया। उक्त आरोप की जांच के लिए हाई कोर्ट के विजिलेंस रजिस्ट्रार ने बयान लिए है।

### बाइक ने महिला को मारी टक्कर,

**हिंडौन सिटी ।** मंडावर फाटक के पास मंगलवार देर शाम शिवालय से पूजा कर आ रही एक महिला को बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल महिला के रेफर होने के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन करते हुए मंडावर रोड पर जाम लगा दिया। इसकी सूचना मिलने के बाद नई मंडी थाना प्रभारी रामकिशन यादव जाप्ते के साथ मौके पर पहुंच गए। वहां प्रदर्शन कर रहे लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली। इसी के साथ समझाइश कर जाम खुलवा दिया। करीब 1 घंटे तक लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों ने थाना प्रभारी से ब्रेकर लगवाने की मांग भी रखी है। वहीं थाना प्रभारी ने उन्हें आश्वासन दिया कि ब्रेकर लगवाने के लिए प्रशासन को अवगत करा देंगे। मंडावर फाटक स्थित एक कॉलोनी निवासी आशीष जैन और मोहित जैन ने बताया कि मंगलवार शाम 7 बजे उसकी मां रामवाला जैन शिवालय से दर्शन कर घर लौट रही थी। इस दौरान तेज स्पीड में बाइक ने टक्कर मार दी। घटना के बाद बाइक चालक मौके पर बाइक छोड़ फरार हो गया। वहीं घटना के बाद महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहाँ चिकित्सक ने पैर में फ्रैक्चर होने पर रेफर कर दिया। इधर कॉलोनी वासी तेज स्पीड में बाइक चलाने की घटनाओं से नाराज होकर प्रदर्शन करते हुए मंडावरा रोड जाम कर दिया। जिसके बाद रात करीब 8 बजे पुलिसपहुंच गई और लोगों से समझाइश कर जाम खुलवा दिया।

### भाजपा प्रत्याशी इंदु देवी ने मांगा समर्थन

**करौली ( नि.स. )।** करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी इंदु देवी जाटव भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ करौली धौलपुर जिले के गांव-गांव ढाणी-ढाणी पहुंचकर मत और समर्थन मांग रही है। इसी कड़ी में भाजपा प्रत्याशी इंदु देवी जाटव धौलपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रहे डॉ0 और धौलपुर के भाजपा के जिला पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ दर्जनों गांव में पहुंची। वही धौलपुर जिले के कोटडा, पुरानी छावनी, सरानी, खेड़ा, तसिमो, टिहरी, राजपुर गांव में पहुंचकर जन संपर्क किया और प्रत्याशी इंदु देवी ने वहां के लोगों के सामने झोली फैला कर मत और समर्थन मांगा इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी का लोगों ने माला और सोल उढाकर स्वागत सम्मान किया।

### ट्रेन की बोगी से गिरा युवक घायल

**हिंडौन सिटी ।** झारेड़ा फाटक स्थित रेलवे ओवरब्रिज के पास बुधवार सुबह ट्रेन से गिरकर एक यात्री घायल हो गया। घायल यात्री नेपाल का रहने वाला है। हिंडौन आरपीएफ चौकी प्रभारी एएसआई सत्यपाल सिंह ने बताया घायल यात्री नेपाल का रहने वाला विकास खत्री (26) वर्ष है। यात्री गोल्डन टेंपल ट्रेन के सामान्य डिब्बे में सवार होकर बड़ोदा से अंबाला जा रहा था। इस दौरान डिब्बे के गेट पर बैठा हुआ था। जिसमें गिरने से उसके सिर पर चोट आई है। वहीं झारेडा रेलवे फाटक के पास निवासी देवीसिंह ने बताया कि ट्रेक के पास एक युवक को घायल देख वह मौके पर पहुंच गया। वहां घायल युवक देख उसकी मदद कर जिला अस्पताल लेकर पहुंचा।सूचना पर आरपीएफ चौकी प्रभारी सत्यपाल सिंह व कांस्टेबल अजीत डागुर, नारायण सिंह भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल के मोबाइल से परिजनों को घटना की जानकारी दी। युवक ने बताया कि ट्रेन के सामान्य बोगी में काफी भीड़ होने के कारण गेट पर बैठ कर यात्रा कर रहा था। जिसमें उसे नींद की झपकी आ गई और वह नीचे गिर गया। हिण्डौन रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रुकने वाली थी। जिसके कारण ट्रेन की स्पीड कम होने से ज्यादा चोट नही आई है।